सत्यमेव जयते

राजस्थान राजपत्र विशेषांक	RAJASTHAN GAZETTE Extraordinary
साधिकार प्रकाशित	Published by Authority
पौष 12, मंगलवार, *शाके* 1945-जनवरी 02, 2024 *Pausa 12 Tuesday , Saka 1945- January 02 , 2024*	

भाग-7

विभिन्न विभागों में प्रदायों के लिए टेण्डर मांगने की सूचनाओं को सम्मिलित करते हुये सार्वजनिक और निजी विज्ञापन आदि।

राजस्थान राज्य विद्युत प्रसारण निगम लिमिटेड

कार्यालय सम्भागीय मुख्य अभियन्ता (प्र.एवंनि.). जोधपुर

अधिसूचना

जोधपुर, दिसम्बर 20, 2023

संख्या D.950: भारतीय विद्युत अधिनियम 2003 के अनु-164 एवं भारतीय टेलीग्राफ अधिनियम 1885 (केन्द्रीयअधि. 13/1885) के तहत प्रदत्त शक्तियों के अन्तर्गत ऊर्जा विभाग राजस्थान सरकार की अधिसूचना दिनांक 28.2.2004 जिसे राजस्थान के राजपत्र में दिनांक 08.03.2004 को एस.ओ. 408 पृष्ठ 393 (13) भाग 4 (जीए) तदोपरान्त राजस्थान सरकार द्वारा जारी संशधित अधिसूचना सं.एफ. 15 (4) ऊर्जा/2017 दिनांक 03.10.17 जिसे राजस्थान राजपत्र में दिनांक 09.10.2017 को प्रकाशित किया गया के अनुसार सम्भागीय मुख्य अभियन्ता (प्र. एवं. नि.) राराविप्रनिलि, अजमेर/ जयपुर/ जोधपुर को उनके अधिकार क्षेत्र में बिजली के प्रसारण के लिए या काम के उचित समन्वय के लिए आवश्यक टेलीफोनिक या टेलीग्राफिक संचार के उद्देश्य से बिजली की लाइनों या बिजली संयत्रों को खड़ा करने के लिए मार्ग-अधिकार अथार्त राइट ऑफ़ वे की उपयुक्त मंजूरी जारी करने हेतु अधिकृत किया गया है। अतः उक्त अधिनियम द्वारा प्रदत्तशक्तियों के अन्तर्गत अधोहस्ताक्षरित सक्षम अधिकारी द्वारा बिजली की आपूर्ति हेतु **220 केवी डी/सी जोधपुर-सीएचबी लाइन (वर्तमान में 132 केवी वोल्टेज स्तर पर चार्ज) को जेब्रा कंडक्टर ओवरहेड लाइन का उपयोग करके 220 केवी नैरो बेस और मल्टीसर्किट मोनोपोल पर नंदनवनग्रीन्स रेजिडेंशियल कॉलोनी से होकर गुजरना हेतु मार्ग-अधिकार अथार्त राइट आफ वे** की उपयुक्त मंजूरी निम्नानुसार जारी की जाती है। उक्त द्विपथीय लाईन निम्नलिखित गांवो की सीमा / राजस्व क्षेत्र के भीतर से गुजरेगी। जिसकी लम्बाई 1.4 कि.मी. है।

क्र.सं.	गांवो के नाम	क्र.सं.	गांवो के नाम
1	डिग्गी	9	रतन नगर
2	खेमे का कुआ	10	ऐम्स जोधपुर और पाल रोड की लिंक रोड के पास पास और नाले के ऊपर.
3	शोभाव्तों की ढाणी	11	प्रेम नगर
4	नंदनवन नगर	12	अग्रसेन नगर
5	सुभाष नगर	13	दिग्विजय नगर
6	सुभाष विहार	14	केशंव नगर
7	पाल रोड	15	रिदमल नगर
8	नंदनवन ग्रीन कॉलोनी	16	गुलाब नगर

सुधीर जैन,

सम्भागीय मुख्य अभियन्ता (प्र.एवं नि) जोधपुर।